राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–262/2023

राज्यपाल ने श्री आर०के० सिन्हा द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन किया

पटना, 04 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में पूर्व सांसद श्री आर०के० सिन्हा द्वारा लिखित दो पुस्तकों यथा– 'कोरोना का प्रलयकाल' और 'विश्व पटल पर अपना देश' का विमोचन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि समस्त देशवासियों की सहभागिता एवं सहयोग से भारत में कोरोना महामारी को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया गया। जी–20 के विभिन्न कार्यक्रमों से भी सभी देशवासी जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान' के तहत नि–क्षय मित्र बनकर हम टी०बी० रोगियों की मदद कर उनसे भावनात्मक रूप से जुड़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' के अनुरूप हमारे व्यवहार, विचार एवं कार्य भी होने चाहिए। उन्होंने पुस्तक पढ़ने की संस्कृति विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि हमें बच्चों में इसके प्रति रूचि जागृत करनी चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विमोचित पुस्तकों के लेखक श्री आर०के० सिन्हा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....